प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 01.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही झारखंड में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी, भाजपा के दिग्गज नेताओं का दिल्ली में मंथन, झामुमो ने 3 दिनों में तस्वीर साफ होने का किया दावा।**

2. **प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे, 1 करोड़ 12 लाख से अधिक ऋण किए गए वितरित, 75 लाख से अधिक लोग हुए लाभान्वित।**

3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मैराथन समीक्षा बैठकों का दौर आज भी रहेगा जारी, विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं और जनहित के कार्यों की करेंगे समीक्षा।**

4. **राज्य में ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस सख्त; राजधानी रांची में यातायात विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तेज किया अभियान।**

5. **दस जून से शुरु हो रहे झारखंड प्रीमियर लीग को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह, जेएससीए अध्यक्ष ने कहा– राज्य के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाने के खुलेंगे नए द्वार।।**

****

झारखंड सहित देश के दस राज्यों की चौबीस राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई है। इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो आठ जून तक चलेगी। इन सीटों पर अट्ठारह जून को मतदान और मतगणना होगी।

****

झारखंड राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू सहित तीन संगठनात्मक नेता दिल्ली के दौरे पर हैं। वे केंद्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे, जहां राज्य की दो सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

****

इधर, सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अगले तीन दिनों के भीतर गठबंधन के भीतर चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

****

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले छह वर्षों में इस योजना से लाखों रेहड़ी–पटरी वालों को आसान ऋण मिला है। इसके माध्यम से अब तक एक करोड़ 12 लाख से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं। शहरों और कस्बों में इस पहल के माध्यम से 75 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। योजना के तहत अब तक 17 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण प्रदान किए जा चुके हैं। 55 लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल रूप से इस योजना से जोड़ा गया है।

****

गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। नगर निगम क्षेत्र के डांडीडीह की लाभुक गुलशन और समीरन खातून ने बताया कि पहले मिट्टी और खपड़े के घरों में बरसात काटना मुश्किल था। अब पक्का मकान मिलने से वे सुरक्षित और खुशहाल हैं और उन्होंने सरकार का आभार जताया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आज अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भी कई कामकाज का जायजा लेंगे। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और जनहित के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

****

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में झारखंड को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्य में कैंसर के पैंतीस से चालीस प्रतिशत मामलों का मुख्य कारण तंबाकू है। उन्होंने नशे के खिलाफ सामूहिक जन आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया।

****

देश में परिसीमन की चर्चाओं के बीच रांची में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अगुवाई में आदिवासी समाज की अहम बैठक हुई। इसमें राजनीतिक प्रतिनिधित्व घटने की आशंका पर चिंता जताई गई। श्री तिर्की ने बताया कि इस मुद्दे पर सत्रह जून को सर्वदलीय बैठक और दो अगस्त को रांची में आदिवासी महाजुटान आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

****

राजधानी रांची में पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव यानी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। रांची के ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने आम जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने की अपील की है।

****

मौसम विभाग ने बोकारो, रामगढ़ और सिमडेगा जिले के कुछ इलाकों के लिए तात्कालिक चेतावनी जारी की है। अगले एक से तीन घंटे में इन जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान पचास किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

****

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिला। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 41 अंक बढ़कर 74 हजार 816 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज करते हुए यह 23 हजार 551 पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राज्य में पहली बार आयोजित हो रही झारखंड प्रीमियर लीग को लेकर खेल जगत में भारी उत्साह है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि दस जून से शुरू होने वाली यह लीग राज्य के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाने के अवसरों का नया द्वार खोलेगी।

****

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीत लिया है। अहमदाबाद में गुजरात के 155 रनों के जवाब में बेंगलुरु ने विराट कोहली की नाबाद 75 रनों की पारी की बदौलत 18वें ओवर में जीत दर्ज की। कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, राजस्थान के 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने सर्वाधिक 776 रन बनाकर सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप और उभरते खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

*********समाप्त************